जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-1 | जयपुर, सोमवार, 2 जनवरी , 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4




## धन्यवाद पाठको !

सन 1965 में आज से ठीक 58 साल पहले हमारा वतन साप्ताहिक समाचार पत्र की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानी स्व.श्री राजेंद्र कुमार अजेय ने जयपुर से की थी । आप सभी पाठकों के सम्मान और विश्वास के साथ 59वें साल में प्रवेश करते - करते हमारा वतन देश का लोकप्रिय अखबार बन गया है । नई दिल्ली, महाराष्ट्र ,उत्तर प्रदेश ,मध्य प्रदेश, हरियाणा ,पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखंड राज्यों में प्रसारित हो रहा है । हमारा वतन की ऊर्जा का स्रोत आप जैसे सुधि पाठक हैं । आपकी जरूरत, सुझाव और मार्गदर्शन में हमारा वतन ने सूचनाएं समाचारों से आगे जाकर देश को अग्रिम रखने वाली पत्रकारिता की है ।

आज के जमाने के साथ चलने के लिए हमारा वतन समाचार पत्र अब www.hamarawatan.com पर भी उपलब्ध है । इसी के साथ हमारा वतन यूट्यूब चैनल पर भी आप खबरों को देख सकते हैं ।

हमारा वतन परिवार 59 वें वर्ष में प्रवेश करते हुए आप सभी पाठकों और विज्ञापन दाताओं को कोटि-कोटि आभार प्रकट करता है और विश्वास दिलाता है कि हमेशा आपके लिए, आपकी सलाह से, आप ही की जरूरतों का अखबार बनाते रहेंगे । फिर से धन्यवाद, पढ़ते रहिए हमारा वतन।

**राम गोपाल सैनी (संपादक)**

# मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जरूरतमंद लोगों को बांटे कम्बल

**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नववर्ष के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास पर जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किये। गहलोत ने मुख्यमंत्री निवास पर आए जरूरतमंद लोगों से आत्मीयता से बात की और उनके हालचाल पूछे । उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से मिल रहे लाभों के बारे में जानकारी ली। सभी लोगों ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल आदि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर संतोष जताया और गहलोत को धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आमजन के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। राज्य सरकार की ओर से महात्मा गांधी नरेगा योजना में 25 दिनों का अतिरिक्त रोजगार दिया जा रहा है। वहीं



शहरी क्षेत्र के बेरोजगारों के लिए इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना चलाई जा रही है।

महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए उड़ान योजना के तहत हर महीने 12 सेनेटरी नेपकिन निःशुल्क दिये जा रहे हैं। वंचित तबके के विद्यार्थियों को अंग्रेजी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा निःशुल्क देने के लिए महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए हैं, ताकि वे अपना भविष्य संवार सकें। कोरोना काल में राज्य सरकार द्वारा 35 लाख अतिनिर्धन लोगों को चिन्हित कर 5500 रुपये सीधे उनके खाते में जमा करवाए गए, ताकि वे अपना गुजारा कर सकें।

कोई भूखा ना सोए के संकल्प के साथ विभिन्न संस्थाओं और दानदाताओं के साथ मिलकर गरीबों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार बाबूलाल नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब को गणेश मानकर उनके कल्याण हेतु योजनाएं संचालित कर रही है।

## -: बधाई संदेश :-

### 59 वें वर्ष में प्रवेश करने पर अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शख्सियत और जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी के चेयरमैन इकराम राजस्थानी जी का सन्देश !

नमस्कार ! हमारा वतन समाचार पत्र अपनी तेज गति के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर होता जा रहा है । इस अख़बार का शीर्षक ही मुझे प्रभावित करता है, क्योंकि मैं हमेशा बात वतन की करता हूं । वतन जो हमारा वतन है, हम सब का वतन है और हम सब मिलकर इस वतन को सजाएं, सवारे ,बनाए, यही इस अखबार का भी उद्देश्य है ।



इस अखबार के संपादक भाई राम गोपाल सैनी कितने वर्षों के साथ अपने परिश्रम, लगन और निष्ठा के साथ इस कार्य में लगे हुए हैं । मैं अपनी ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं और मंगलकामनाएं प्रेषित करता हूं और दोस्तों हम यह सब शपथ लें आज नव वर्ष के शुभ अवसर पर हम जो भी काम करें वतन के लिए करें, वतन को आगे बढ़ाने के लिए करें ,वतन की खुशहाली के लिए, वतन के लिए हर काम हमें करना है और मैं अपने गीत की पंक्ति के साथ आप को शत-शत शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं **''आ जाएं हम भी कुछ तो तेरे काम ए वतन सौ जन्म भी मिले तो तेरे नाम ए वतन''**। आप सबको मेरा सलाम, मेरा प्रणाम और दिल से शुभकामनाएं और यह दुआ कि हमारा वतन इसी तरह प्रगति के पथ पर अग्रसर होता रहे । जय भारत !

## राजस्थान की कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता में है आक्रोश : सिंह

करौली (वि.सं.)। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राजस्थान के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह विधानसभा टोडाभीम के नादौती में जन आक्रोश महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान में चार साल में कांग्रेस के शासन में भ्रष्टाचार, महिला व दलित उत्पीड़न, गैंगवार, गैंगरेप , बेरोज़गारी सबसे अधिक, पेट्रोल-डीजल एवं बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। अरूण सिंह ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के कुशासन, भ्रष्टाचार व जंगलराज से परेशान हैं। कांग्रेस के शासन में प्रत्येक विधायक ही मुख्यमंत्री हैं, किसानो के कर्जा माफी का वादा भूल गए, किसानों को आत्महत्या करने के लिए इस सरकार ने मजबूर किया, कांग्रेस सरकार के अभी तक 10 दिन पूरे नहीं हुए हैं कर्जा माफी के। कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता में है आक्रोश।

## नहीं रहीं प्रधानमंत्री मोदी की मां हीराबा



**गुजरात (हमारा वतन)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा मोदी का 30 दिसंबर को निधन हो गया। वे 100 साल की थीं। हीराबा ने अहमदाबाद के यूएन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर में तड़के 3:30 बजे अंतिम सांस ली। पीएम मोदी ने ट्वीट कर हीराबा के निधन की जानकारी दी। शुक्रवार की सुबह 6 बजकर 2 मिनट पर उन्होंने लिखा- शानदार शताब्दी का ईश्वर चरणों में विराम। मां में मैंने हमेशा उस त्रिमूर्ति की अनुभूति की है, जिसमें एक तपस्वी की यात्रा, निष्काम कर्मयोगी का प्रतीक और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध जीवन समाहित रहा है।

*नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ !!*

**हमारा वतन समाचार पत्र**




की और से सभी देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ !!



लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !

सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9636247286, 9928747286

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# दृष्टिहीन खिलाड़ियों की 32 वीं खेल प्रतियोगिता का रोमांच के साथ हुआ समापन

**जयपुर (हमारा वतन)।** दृष्टिहीन क्रीड़ा परिषद अजमेर और श्री दत्तात्रेय नागा आश्रम ट्रस्ट गोल्यावाला के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 32 वीं राज्य स्तरीय दृष्टिहीन खेल प्रतियोगिताओं का समापन रींगस रोड स्थित न्यू शाईन इंटरनेशनल स्कूल में रोमांचक खेलों के साथ हुआ। प्रदेश के कोने-कोने से आए करीब 250 दृष्टिहीन खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । 3 दिन तक चली इस खेल प्रतियोगिता में शतरंज, कबड्डी, क्रिकेट, रस्साकसी, निशानेबाजी, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, एक टांग दौड़ और पंजा लड़ाई के रोमांचक खेल संपन्न हुए । इनकी प्रतिभा को देखकर खेल प्रेमियों ने दांतों तले अंगुली दबा ली । समापन समारोह के मुख्य अतिथि चौमूं विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि दृष्टिहीन खिलाड़ियों ने अपनी योग्यता को तराशा और उसी योग्यता के दम पर आगे आगे बढ़ रहे हैं, यह दृष्टिहीन होकर अपना कार्य कर सकते हैं इन सभी से प्रेरित होकर हमें भी अपने कार्य क्षेत्र में योग्यता हासिल करनी चाहिए। श्री दत्तात्रेय नागा आश्रम ट्रस्ट के संस्थापक श्री श्री 1008 सागरपुरी महाराज ने कहा कि भामाशाहों के सहयोग से ही यह खेल संपन्न हुए हैं । करीब 12 लाख रुपए का खर्च इन खेलों पर आया है । चौमूं विधायक ने भी इसमें सहयोग किया है ।



न्यू शाईन इंटरनेशनल स्कूल ने निःशुल्क आवास सहित कई सुविधाएं प्रदान की हैं । विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष आशीष दुसाद, भाजपा जिला अध्यक्ष बीएल सोनी सहित कई लोग मौजूद रहे । क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष लालचंद रावत ने कहा कि चौमूं निवासियों का जो प्यार और सहयोग हमें मिला वह अमर रहेगा ।

खिलाड़ियों ने कहा कि अब तक की आयोजित प्रतियोगिताओं में यह प्रतियोगिता सबसे बेस्ट रही है । इस दौरान एमबी स्वीट्स के डायरेक्टर मदन बागड़ा, न्यू शाईन इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर रामकरण इंदौरा, सचिव राहुल सैनी, कोऑर्डिनेटर ओम प्रकाश शर्मा, सत्यनारायण गंगवाल, पंकज दीक्षित, मेघा सैनी, रमेश सैनी, मीनू सैनी आदि लोग मौजूद रहे ।



# आरबीक्यू क्लब नेशनल लीडर फोरम की हुई मीटिंग

**जयपुर (हमारा वतन)।** जयपुर शहर के जीटी सेंट्रल स्थित ओनारिका इमिटेशन ज्वेलरी पर आरबीक्यू क्लब नेशनल लीडर फोरम की मीटिंग का आयोजन हुआ । आरबीक्यू क्लब की प्रेसिडेंट अमृता श्री ने बताया कि मीटिंग के दौरान बच्चों में मोबाइल की आदत छुडाएं ,पेरेंट्स कैसे अपने बच्चों को टाइम दे आदि बहुत सारे टॉपिक पर डिस्कशन हुआ ।

मीटिंग में जयपुर शहर की जानी-मानी लीडर्स और समाज सेविकाओं ने शिरकत की ।

इस दौरान स्नेहा भारद्वाज, नीलम सक्सेना, शैलजा बंसल ,पूजा परिहार, नीलम सूद, जयश्री, मीनाक्षी सभी ने अपने विचार रखे और एक्सपीरियंस शेयर किये ।

# पंडित रविन्द्राचार्य ने करवाई रींगस भैरूंजी की विशेष पूजा अर्चना

**रींगस (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र जयपुर के अध्यक्ष और अंतर्राष्टीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने कलियुग के देवता रींगस भैरूंजी की विशेष पूजा अर्चना करवाई ।

यह विशेष पूजा अर्चना नीरज कुमार जांगिड़ मजिस्ट्रेट व भुवन गोयल मजिस्ट्रेट और मानव मात्र के मंगल के लिए पंडित राकेश शास्त्री ने विधि विधान से करवाई । इसके बाद दीपदान करा कर इनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर रींगस थाना अधिकारी हिम्मत सिंह को बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर, ज्योतिष सार संग्रह पुस्तक भेंट की । इस दौरान राहुल दाधीच, सुभाष चौधरी कुटुंब होटल संस्थापक, मुकेश अग्रवाल, शशांक बंसल, सुमित अग्रवाल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।



# यूईएम में होगा शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए नौकरी मेला 2023 (रोजगार शिविर) का आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** राष्टीय शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड (उत्तरी क्षेत्र) शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार व यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, (यूईएम),जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में युनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर गुरुकुल, सीकर रोड पर चौमूं से 6 किलोमीटर, उदयपुरिया मोड़, कैंपस में दिनांक 5 और 6 जनवरी 2023 को राजस्थान के सबसे बड़े प्लेसमेंट (नौकरी) शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए नौकरी मेला 2023 (रोजगार शिविर) का आयोजन किया जाएगा । शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए नौकरी मेला 2023 (रोजगार शिविर) में इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी/फार्मास्यूटिकल्स/सामान्य स्ट्रीम जैसे बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम, बीबीए, बीसीए इत्यादि में स्नातक/तकनीशियन अपरेंटिस के रूप में स्नातक/तकनीकी अपरेंटिस के रूप में उत्तीर्ण पात्र स्नातक विद्यार्थी जिन्होंने वर्ष 2020, 2021 व 2022 में उत्तीर्ण की हो भाग लेने के लिए पात्र होगा, जिसके लिए निम्न लिंक पर निःशुल्क अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते है- https://jobfair.uem.edu.in/register यूनिवर्सिटी परियोजना निदेशक संदीप अग्रवाल ने बताया कि शिविर में आने वाले सभी विद्यार्थि रजिस्ट्रेशन का स्क्रीनशॉट/प्रिंट के साथ में लेकर आएं। कोविड से बचाव हेतु मास्क लगाएं और हाथों को नियमित रूप से सेनेटाइज करें।

UEM श्रद्धावान लभते ज्ञानम् UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT Good Education, Good Jobs



# देवेंद्र जिंदल ने फिर संभाला चौमूं नगर पालिका ईओ का कार्यभार

**चौमूँ (हमारा वतन)।** चौमूं नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी देवेंद्र कुमार जिंदल ने एक बार फिर से चौमूं नगर पालिका ईओ का कार्यभार संभाल लिया है । गौरतलब है कि 29 नवंबर 2022 को डीएलबी द्वारा आदेश निकालकर देवेंद्र कुमार जिंदल का श्री गंगानगर स्थित गजसिंहपुर नगर पालिका में स्थानांतरण कर दिया गया था, जिस पर देवेंद्र कुमार जिंदल ने कोर्ट में अपील की और कोर्ट ने उस पर स्थगन आदेश जारी किया । आज चौमूं नगरपालिका में एक बार फिर से देवेंद्र कुमार जिंदल ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका चौमूं के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है । कार्यभार सँभालने पर वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा, पार्षद महेंद्र लांबा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष और पार्षद अर्जुन लाल सैनी, पार्षद कन्हैयालाल थावरिया, पार्षद प्रत्याशी महेश शेरावत, पार्षद प्रतिनिधि संजय योगी आदि ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया ।

# राज्य स्तरीय रोवर मुट रेंजर मीट का हुआ समापन

**उदयपुर (हमारा वतन)।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त प्रदीप मेघवाल ने बताया कि हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य के द्वारा पांच दिवसीय राज्य स्तरीय रोवर मुट रेंजर मीट का शिविर का आयोजन जेआर शर्मा गर्ल्स टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बीड़ा झाडोल उदयपुर में आयोजित किया गया। राज्य सचिव नरेंद्र औदीच्य के निर्देशन में इस पांच दिवसीय शिविर के दौरान विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। राज्य संगठन आयुक्त रिपुदमन सिंह गिल के कुशल संचालन एवं नेतृत्व में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इसके अंतर्गत मार्च पास्ट,यूनिफॉर्म, शिविर कला, रंगोली प्रतियोगिता, जिला प्रदर्शनी, वाद विवाद, सामान्य ज्ञान, मेहंदी प्रतियोगिता, लोक नृत्य, कबड्डी, फूड प्लाजा, रस्साकशी, आपदा प्रबंध, विचित्र वेशभूषा, टैलेंट शो, स्किल ओ रामा, पोस्टर बनाना, आशु भाषण, ओवरनाइट हाइक, क्रु टीम रिकॉर्ड सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड के राष्टीय अध्यक्ष एस.के. नंदा, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्टीय महासचिव गिरजा शंकर शर्मा, विशिष्ट अतिथि राजस्थान राज्य के प्रदेश अध्यक्ष रणधीर सिंह भिंडर महाराज, हरियाणा प्रदेश के राज्य सचिव नवीन जय हिंद, झाडोल तहसील के एसडीएम राठौड़ , सामाजिक कार्यकर्ता भंवर सिंह उपस्थित रहे। शिविर में संपूर्ण राजस्थान के लगभग 750 स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने भाग लिया । इसके अतिरिक्त हरियाणा प्रदेश के स्काउट गाइड प्रतिनिधि भी शामिल हुए। शिविर के दौरान विशेष रुप से सहयोग एवं मुख्य भूमिका के रूप में विजय दाधीच सहायक राज्य सचिव समन्वयक, सहायक राज्य संगठन आयुक्त मनोज त्रिवेदी, विशाल सेन, मनीष शेरावत के साथ संपूर्ण राजस्थान के डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर ने अपना अथक प्रयास करके रोवर मुट रेंजर मीट शिविर को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# बिजली कटौती को लेकर ऊर्जा मंत्री से मिले पूर्व विधायक सैनी

**चौमूँ (हमारा वतन)।** पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी चौमूं विधानसभा में चल रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी से मिले। पूर्व विधायक सैनी ने ऊर्जा मंत्री को बताया कि कुछ दिनों से चौमूं विधानसभा में रोजाना अघोषित बिजली कटौती हो रही है। 10-15 मिनट के लिए आपूर्ति सुचारु होती है लेकिन कई घंटों तक गुल रहती है। रात के समय भी कई बार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। बिजली गुल होने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार कटौती का असर लघु उद्योगों पर भी हो रहा है। बिजली गुल होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। रोजमर्रा के कामकाज पर भी असर दिख रहा है। किसान अपनी फसलों का समय पर सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। ऊर्जा मंत्री ने पूर्व विधायक सैनी को आश्वासन दिया की जल्द ही समस्या निवारण करवाकर बिजली सुचारू से सप्लाई की जाएगी।



# ब्राह्मण समाज दहेज न लेने पर करेगा सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** ब्राह्मण समाज राजस्थान जयपुर जिला देहात के द्वारा पदाधिकारियों के द्वारा एक प्रस्ताव पारित किया गया । जिसमें जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने बताया कि जो भी विप्र बंधु शादी समारोह में दहेज प्रथा का बहिष्कार करेगा उसे ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों के द्वारा वर व वधु पक्ष तथा उनके परिजनों का जिला स्तरीय प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया जाएगा तथा इन परिवारों को मिसाल के रूप में समाज के सामने पेश किया जाएगा । समाज में इस प्रकार की कुरीतियां मिटाने के लिए पहले भी ब्राह्मण समाज राजस्थान द्वारा प्रयत्न होते रहे है । दहेज प्रथा समाज के लिए अभिशाप है ।






# मलाइका अरोड़ा के घर जल्द बजेगी शहनाई! मां का डायमंड बैंगल बनेगा दहेज?

अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा इन दिनों डिज्नी प्लस हॉटस्टार के शो मूविंग इन विद मलाइका को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं।शो में मलाइका अपनी पर्सनल से लेकर प्रोफेशनल लाइफ तक पर कई बार खुलकर बात कर चुकी हैं। ऐसे में अब हाल ही में बहन अमृता अरोड़ा संग बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने अपनी दूसरी शादी का जिक्र किया और मां के डायमंड बैंगल पर हक जताया।



**क्या है वीडियो-** डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर मूविंग विद मलाइका का नया एपिसोड आ गया है। एपिसोड 15 में दिखता है कि मलाइका और अमृता साथ में एक रेस्टोरेंट आए हैं। जहां मलाइका, अमृता को कुछ फोटोज क्लिक करने को कहती हैं, लेकिन अमृता मना कर देती हैं। रेस्टोरेंट में अमृता अपने लिए कॉकटेल और मलाइका हॉट टडी ऑर्डर करती हैं। इसके बाद बातचीत शुरू होती है और अमृता, मलाइका की तारीफ करते हुए एक बैंगल की खूब तारीफ करती हैं।

**मां के कंगन का हुआ जिक्र-**इसके बाद मलाइका बताती हैं कि ये कंगन डायमंड का है। इसके बाद अमृता, मलाइका को मां के डायमंड बैंगल की याद दिलाती हैं और बताती है कि एक बार मां उसे पहन कर गई थीं और वो सोफे पर रखा था। इसके बाद मां ने अमृता से कहा था- मुझे लगता है कि वक्त आ गया है। जिस पर मलाइका पूछती हैं- क्या? फिर अमृता कहती हैं- मुझे देने का, उनकी पसंदीदा बेटी। तुम्हें चाहिए तो हम शेयर कर सकते हैं, लेकिन वो मुझे ही मिलेगा।

# छवि मित्तल ने साल जाते-जाते दिखाया ब्रेस्ट कैंसर सर्जरी का बड़ा निशान, लिखा-मजबूत हो गई हूं



छवि मित्तल अब कैंसर फ्री हैं। उन्हें ब्रेस्ट कैंसर हुआ था। ट्रीटमेंट के दौरान वह अपने दर्द के बारे में लिखती रहीं। उन्होंने डायग्नोस होने के बाद से कैंसर के खात्मे तक अपने फॉलोअर्स को सारे अपडेट्स दिए। अब बिकीनी में उन्होंने एक तस्वीर शेयर की है। इसमें अपना सर्जरी का निशान दिखाया है। नए साल से पहले उन्होंने 2022 में मिला जख्म दिखाया है। साथ में लिखा है कि अब वह पहले से ज्यादा स्ट्रॉन्ग बन गई हैं।**पीठ पर दिखा दाग-**छवि मित्तल ने इस साल अप्रैल के महीने में ब्रेस्ट कैंसर सर्जरी करवाई थी। 2023 में कदम रखने से पहले उन्होंने बीते साल में जो कमाया उसकी तस्वीर पोस्ट की है। उन्होंने अपनी सर्जरी का निशान दिखाते हुए तस्वीर पोस्ट की है। साथ में लिखा है, बीते साल मैंने यह कमाया। एक नई जिंदगी। बेहतर और पहले से मजबूत। छवि बीच पर दिख रही हैं और काफी खुश हैं। उन्होंने वाइट स्विमसूट पहना हुआ है। उनकी पीठ पर दाएं तरफ बड़े से कट का निशान दिख रहा है। **फॉलोअर्स ने लुटाया प्यार-**छवि के पोस्ट पर उनके वेलविशर्स ने कमेंट्स किए हैं। एक फैन ने लिखा है, आप अंदर औ बाहर दोनों तरफ से सुंदर हो। निशान कौन देखता है और अगर देखता भी है तो परवाह किसे है। छवि ने एक वीडियो भी शेयर किया है। इसमें वह पिंक बिकीनी पहने हैं। साथ में लिखा है, दुबई मेंआखिरी दिन। कई लोगों ने उनके हेल्दी रहने की कामना की है और उन्हें इंस्पिरेशन बताया है।

# उर्फी जावेद की इस साल की सबसे बोल्ड तस्वीरें, कभी चांदी का वर्क तो कभी फूलों में लिपटी दिखीं

उर्फी जावेद के लिए 2022 का साल काफी अच्छा रहा है। पूरे साल वह अपने कपड़ों को लेकर सुर्खियों में रहीं। हालांकि इस वजह से उन्हें ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा। वह किसी ना विवादों में भी घिरी रहीं। उन्हें रेप और मर्डर की धमकियां तक मिलीं लेकिन इन सबसे बेफिक्र उर्फी ने वही किया जो उनके दिल ने कहा। पूरे साल उर्फी अपने अतरंगी फैशन से सभी को सरप्राइज करती रहीं। अब जब 2022 खत्म होने वाला है तो एक नजर डालते हैं उनकी ऐसी ही तस्वीरों पर जिसमें उन्होंने अपनी बोल्ड अदाएं दिखाईं।



**2022 में उर्फी के वायरल लुक-** उर्फी जावेद ने फोन से खुद को फ्रंट कवर किया। उनका यह लुक वायरल हुआ था। यहां तक कि एक कार्यक्रम में पहुंचे चेतन भगत ने कहा था कि वह सुबह उर्फी का पोस्ट देखकर आए हैं और उन्होंने दो फोन का इस्तेमाल किया है। उर्फी जावेद ने एक स्टूल पर बैठी हुई हैं। इस बार सेमी न्यूड लुक में दिखीं। उनकी ड्रेस डिजाइनर श्वेता गुरमीत कौर पीछे बैठी हुई थीं और उन्होंने हाथों से उर्फी जावेद की बॉडी को कवर किया। वीडियो देख यूजर्स पूछने लगे कि आखिर ये हाथ किसका है। दिवाली के मौके पर उर्फी ने टॉपलेस होकर पोज दिया। वह लड्डू खाती दिखाई दीं। इस वीडियो पर यूजर्स ने एक बार फिर से उन्हें ट्रोल किया। लोगों ने उन्हें सलाह दी कि दिवाली पर इस तरह का वीडियो पोस्ट नहीं करना चाहिए था। उर्फी का यह लुक भला कौन भूल सकता है जब वह चांदी का वर्क लपेटकर चली आईं। वह टॉपलेस हैं और फ्रंट पर उन्होंने चांदी का वर्क लपेटा हुआ है। फूलों की पंखुड़ियों पर उर्फी लेटी हुई हैं। उन पर ऊपर से गुलाब की पंखुड़ियां फेंकी जा रही हैं। इन्हीं पंखुड़ियों से उन्होंने खुद को ढका हुआ है। जब एक्ट्रेस ने ब्लेड से अपना यह आउटफिट तैयार किया। हालांकि बाद में उन्हें इसका खमियाजा भी उठाना पड़ा और शरीर पर कई जगह चोट के निशान पड़ गए।

# 2023 में भी आपको फिट एंड फाइन रखेंगी 2022 की ये अच्छी आदतें

शरीर को फिट रखने के लिए एक्सरसाइज के साथ-साथ खानपान की अच्छी आदतों को फॉलो करना भी जरूरी है। यहां हैं एक्सपर्ट के बताए 6 टिप्स, जिन्हें अपनाकर आप अपने फिटनेस गोल को हासिल कर सकती हैं। फिट रहने के लिए एक्सरसाइज जरूरी है। फिजिकल एक्टिविटी भी जरूरी है। ये दोनों तभी कारगर होंगे जब खानपान सही होगा। हेल्दी और लंबी उम्र के लिए न केवल पौष्टिक भोजन जरूरी है, बल्कि उसे ठीक तरह से और सही समय पर खाना भी जरूरी है। विशेषज्ञ कहते हैं कि खानपान की अच्छी आदतें ही फिटनेस को अपने लक्ष्य तक पहुंचा सकती हैं। जिंदल नेचर केयर इंस्टीट्यूट की चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. बबीना एन एम से बता रहीं हैं उन 6 अच्छी आदतों के बारे में जिन्होंने आपको इस साल फिट रहने में मदद की। यही आदतें आने वाले कई सालों तक आपको हेल्दी लाइफ दे सकती हैं।डॉ. बबीना एन एम कहती हैं कि कुछ बातों पर यदि खानपान की कुछ आदतों पर ध्यान दिया जाए, तो फिटनेस का लक्ष्य हासिल करना आपके लिए कठिन नहीं होगा।



**1 भोजन को ध्यान देकर खाएं-** अक्सर घर-ऑफिस की जिम्मेदारी पूरा करने के चक्कर में हमलोग जल्दी-जल्दी खा लेते हैं। हमें यह भी पता नहीं चल पाता है कि हमने क्या खाया और शरीर पर इसके क्या प्रभाव पड़ सकते हैं। जब भी आप खाएं ध्यान देकर खाएं। चबा कर खाएं। चबा कर नहीं खाने से भी मोटापा बढ़ता है। हम एक साथ ढेर सारा खाना लेकर खाने बैठते हैं। कभी-भी एक साथ ढेर सारा खाना नहीं खाएं। थोड़ा-थोड़ा कर खाएं। कई बार थोड़ा-थोड़ा खाने से पाचन की क्रिया भी ठीक ढंग से हो पाती है। वजन भी कंट्रोल रहता है।

**2 पोर्शन कंट्रोल कर खाएं -**डॉ. बबीना कहती हैं, 'पोर्शन कंट्रोल करने का अर्थ है सब कुछ खाने की बजाय पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेना। इसकी मात्रा संतुलित होनी चाहिए।बहुत बड़ी प्लेट का चुनाव करने की बजाय छोटी प्लेट में भोजन लेना। नियंत्रित रूप से भोजन लेने पर हम ओवरईटिंग से बच जाते हैं।'

**3 नाश्ते को स्किप नहीं करें -** अक्सर हम अपना टास्क पूरा करने के फेर में नाश्ता स्किप कर जाते हैं। फिटनेस गोल हासिल करने में ये ईटिंग हैबिट सबसे बड़ी बाधा बनते हैं। ब्रेकफ़ास्ट स्किप करने पर हम लंबे समय तक भूखे रहते हैं या झटपट मुंह में डाले जाने वाले जंक फूड पास्ता, कुकी और पिज्जा डाल लेते हैं। यह कई रिसर्च से साबित हो चुका है कि ज्यादा देर तक भूखे रहने पर भी वजन बढ़ता है। साथ ही जंक फूड खाने से भी वजन बढ़ जाता है।

**4 हाथ को गाइड बनाएं -**अपने हाथ को ऐसी आदत डालें कि वह हमेशा पोषक तत्वों से भरपूर भोजन देखकर ही आगे बढ़े। वह प्रोटीन से भरपूर दालों, बीन्स, मांस, मछली की संतुलित मात्र ही प्लेट पर डाले।



# 2023 में खुश रहना है, तो अभी से फॉलो करें हैप्पीनेस का ये फॉर्मूला 'कल करे सो आज कर'

नया साल आ गया है। खुश रहने के लिए आप कई तरह के रिजोल्यूशन लेंगी। 2023 में खुश रहने के लिए आप ये हैप्पीनेस फॉर्मूला आजमा सकती हैं- कल करे सो आज कर।जीवन में सबसे जरूरी चीज है खुशी। अगर आप गूगल पर इसका अर्थ तलाशें, तो आप पाएंगी खुशी एक भावनात्मक स्थिति को कहते हैं। इससे आनंद, संतुष्टि, संतोष और किसी लक्ष्य के पूरा होने पर मन से निकलने वाली भावनाओं को कहते हैं। नया साल करीब है। आप अपने बीते सालों पर गौर करें। आप पाएंगी कि आब तक के जीवन में आपने जो भी रेजोल्यूशन लिया है। वे सभी खुश रहने के ही उपाय होंगे। हैप्पीनेस के फॉर्मूले होंगे। आने वाले नये साल 2023 में खुश रहने के लिए इस बार आप एक खास हैप्पीनेस का फॉर्मूला फॉलो करें।

**कैसे मिलेगी संतुष्टि और खुशी-** भारत में अंग्रेजी के सबसे लोकप्रिय लेखक हैं रस्किन बॉन्ड। एक इन्टरव्यू के दौरान उनसे खुशी के बारे में पूछा गया। उन्होंने बताया, 'अलग-अलग व्यक्ति के लिए खुशी की अलग-अलग परिभाषा हो सकती है। कोई थोड़े में संतुष्ट हो जाता है, तो कोई बहुत अधिक में संतुष्ट हो जाता है। यदि आप किसी भी काम को कल पर टालने की बजाय आज कर लेती हैं, तो काम पूरा होने की खुशी आपको उसी समय मिल जाती है। आप सकारात्मक भावनाओं से भर जाती हैं और आपको संतुष्टि भी मिलती है।'

## धर्म दर्शन

# इसलिए कृष्ण ने बाहर खड़े होकर देखी जुए में पांडवों की हार

हम सभी ने सुना है और पढ़ा है कि इस दुनिया को ईश्वर संचालित करते हैं। ईश्वर की इच्छा के बिना इस संसार में एक पत्ता भी नहीं हिल सकता। फिर क्यों संसार में पाप बढ़ रहा है? क्यों अनीति हो रही है? यहां तक कि महाभारत काल में तो भगवान स्वयं ही पांडवों के मित्र थे, फिर पांडवों को अपना अधिकार प्राप्त करने के लिए इतना संघर्ष क्यों करना पड़ा? आइए, ऐसे सवालों पर जानते हैं स्वयं श्रीकृष्ण द्वारा अपने मित्र उद्धव से कही गई बातें



**उद्धव ने श्रीकृष्ण से पूछे चुभनेवाले सवाल**

उद्धव गीता (गीता का ही वह रूप, जिसे कान्हा के मित्र उद्धव ने लिखा है) का एक प्रसंग है, जिसमें उद्धव भगवान श्रीकृष्ण से सवाल पूछते हैं कि कृष्ण आप तो पांडवों के सखा थे, आप हर कष्ट और समस्या में उनका साथ देने की बात कहते थे, फिर आपने क्यों उन्हें द्यूत क्रीड़ा (जुआ) में हारने दिया? क्यों आपने द्रौपदी को भरी सभा में अपमानित हो जाने दिया? कहते हैं कि आपने द्रौपदी का चीरहरण नहीं होने दिया, एक स्त्री का भरी सभा में इतना अपमान होने पर आपने क्या बचाया कृष्ण? इतना कहते हुए उद्धव का गला रुंध गया।

# इन सुविचारों के साथ करें नए वर्ष का स्वागत, जीवन में भर जाएगी सकारात्मकता

नया वर्ष यानी 2023 की शुरुआत हो गई है। वैसे तो कहा जाता है कि किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत करने से पहले श्री गणेश का नाम लिया जाना चाहिए। इससे काम की शुरुआत तो अच्छी होती ही है साथ ही गणपति बप्पा का आशीर्वाद भी बना रहता है। इसी तरह अगर हम नए वर्ष की शुरुआत एक सकारात्मक सोच के साथ करें तो आपका जीवन उमंग से भर सकता है। नए वर्ष को लेकर हम सभी उत्साहित और मोटीवेटेड हैं कि आने वाला वर्ष कैसा रहेगा। इसी के चलते हम आपके लिए महात्मा गांधी और विवेकानंद जी के कुछ सुविचार लेकर आए हैं जिन्हें पढ़कर और इन्हें अपने जीवन में उतारकर आप नए वर्ष की शुरुआत कर सकते हैं। आइए पढ़ते हैं यह सुविचार-

### महात्मा गांधी के सुविचार

पहले वो आपको अनदेखा करेंगे, उसके बाद आप पर हँसेंगे, फिर वो आप से लड़ेंगे, और तब आप जीत जायेंगे।

अगर आप खुद को खोजना चाहते हैं तो सबसे बढ़िया तरीका है, आप दूसरों की सेवा में खुद को खो दो।

प्रयास करने में ही संतोष निहित है, प्राप्ति में नहीं। आपका पूर्ण प्रयास ही आपकी पूर्ण विजय है।

मौन रहना सबसे सशक्त भाषण है। धीरे-धीरे ये दुनिया आपको जरूर सुनेगी।

श्रेष्ठ होने का अनंत प्रयास मनुष्य का कर्तव्य है; यह अपना प्रतिफल है। बाकी सब कुछ भगवान के हाथ में है।

### विवेकानंद जी के सुविचार

उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।

तुम्हें कोई पढ़ा नहीं सकता, कोई आध्यात्मिक नहीं बना सकता। तुमको सब कुछ खुद अंदर से सीखना है। आत्मा से अच्छा कोई शिक्षक नही है।



# इन यूज़फुल गिफ्ट्स से बना दें अपने स्पेशल वन का ये साल शानदार

किसी के नए साल को आप और ज्यादा शानदार बना सकते हैं महज एक छोटी सी कोशिश से और वो है उन्हें उनकी जरूरत और कंफर्ट के गिफ्ट्स देकर। गिफ्ट्स देना सिर्फ आपका प्यार ही जाहिर नहीं करता बल्कि आपके केयरिंग साइड को भी हाइलाइट करता है। तो अगर आप भी अपने स्पेशल वन को गिफ्ट देने की प्लानिंग कर रहे हैं लेकिन वही बोरिंग चॉकलेट बॉक्स, कॉफी मग गिफ्ट नहीं करना चाहते, तो एक नज़र डालें यहां दिए गए ऑप्शन्स पर, जो यूनिक होने के साथ ही बहुत यूजफुल भी हैं।

**कस्टमाइज़ तस्वीर** अगर आपकी लिस्ट में कोई ऐसा कपल या सिंगल फ्रेंड है जो अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी फोटोज़ पोस्ट करता रहता है तो उसके लिए ये एक बेहतरीन गिफ्ट होगा। आप उसके सोशल मीडिया अकाउंट से कोई अच्छी और उसकी फेवरेट तस्वीर निकालें और उसे स्केचिंग के साथ फ्रेम करवाकर गिफ्ट करें। यकीनन उसे मिले सबसे बेस्ट गिफ्ट्स में से ये एक होगा।

**कंफर्टर** न्यू ईयर के दौरान सर्दी अपने चरम पर होती है तो आई एम स्योर हम सबकी जान-पहचान में कोई न कोई ऐसा जरूर होता है जिसे कुछ ज्यादा ही ठंड लगती है तो उसे गिफ्ट देने के लिए आपको बहुत ज्यादा दिमाग लगाने की जरूरत नहीं, एक कंफर्टर से ही बात बन जाएगी।

**हमारा वतन**

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।

**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# बर्बरता,यात्रा और उम्मीद का वर्ष

2022 खत्म होने के बाद सिर्फ एक गया साल होकर नहीं रह जाएगा। कुछ है, जो इसे हमारी स्मृतियों में लंबे समय तक टांगकर रखेगा। कोविड ने पिछले दो-ढाई वर्षों तक सारी गतिविधियों को किसी गुंजलक में जकड़ सा रखा था, दिसंबर आते-आते कई वर्जनाएं टूट सी गई और कोविड-पूर्व की सड़कें, बाजार, मंदिर, मस्जिद या पर्यटक स्थल दिखने लगे। यह तो कोई अर्थशास्त्री उपलब्ध आंकड़ों को खंगालकर बता पाएगा कि किस हद तक सही है, पर एक सामान्य उपभोक्ता भी कह सकता है कि


राम गोपाल सैनी

2019 के पहले का समय लौट आया है। यह अलग बात है कि साल खत्म होते-होते चीन से आने वाली खबरें नए स्वरूप वाले कोरोना की आहट से डराने लगी हैं। पिछले सात-आठ वर्षों में देश क्षैतिज रूप से विभक्त हुआ है। परस्पर संवाद में बीच की जगह सिकुड़ गई है। यह एक ऐसी स्थिति है, जिसे बिना इस बहस के कि यह लोकतंत्र के लिए अच्छी है या बुरी, स्वीकार करना होगा। राष्ट्रीय विमर्श के लिए भारतीय भाषाओं को एक नया शब्द मिला-'भक्त'। एक विभक्त समाज में जैसी अपेक्षा की जा सकती थी, उसका विमर्श सारी भाषिक मर्यादाओं को तोड़कर हुआ। खासतौर से संवाद के अपेक्षाकृत नए, मगर ज्यादा प्रभावी माध्यम सोशल मीडिया पर तो 'खुला खेल फर्रुखाबादी' हो गया। ज्यादातर जगह संपादक जैसी संस्था के मजबूत न होने पर जिस आत्मानुशासन की अपेक्षा की जाती है, उसका सर्वथा अभाव दिखा और ट्विटर-फेसबुक पर खूब गाली-गलौज चली। ऐसे में, साल खत्म होते-होते एक यात्रा ने देश का ध्यान आकर्षित किया और 2022 की किसी एक सर्वाधिक चर्चित घटना का उल्लेख करना हो, तो उसका जिक्र होगा।राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' ऐसी ही एक यात्रा है, जो निरंतर मंथर गति से चलती रही। लोगों ने इसे संशय, कई बार निराशा, कुछ-कुछ अतिरिक्त उत्साह और बहुत सारे मौकों पर भ्रम के साथ देखा।

# ईटावा के शिरडी साई मंदिर में हुआ भव्य प्रसादी का आयोजन



जयपुर (हमारा वतन)। चौमूं तहसील के ईटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साई धाम मंदिर परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामचरण सर्राफ के परिवार द्वारा मंदिर में प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें खीचड़ी और बाटी बनाई गई। चौमूं विधायक रामलाल शर्मा ने भी कार्यक्रम में शिरकत की । मंदिर महंत ने माला पहनाकर स्वागत किया । मंदिर महंत रिटायर्ड कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि जब से मंदिर बना है तब से लगातार रामचरण सर्राफ परिवार द्वारा साल के आखिरी रविवार को खीचड़ी बाटी का प्रोग्राम किया जाता है । रामचरण सर्राफ ने बताया कि जब से मंदिर बना है तब से हम और हमारा पूरा परिवार मंदिर में आते हैं और बाबा की विशेष कृपा होने के कारण हमारी सब मन्नत पूरी होती है । यह संकल्प लिया हुआ है कि साल के आखिरी रविवार को हम प्रसादी का आयोजन करेंगे । सर्वप्रथम तुलसी दिवस होने के कारण तुलसी पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया और बालिकाओं की तुलसी मानकर पूजा की गई । पूजा करने के बाद सभी ने प्रसादी ग्रहण की । श्रीराम नवयुवक सुंदरकांड मंडल धोलीमंडी चौमूं के सदस्यों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया । यह सुंदरकांड का कार्यक्रम निःशुल्क किया जाता है । मंदिर में आयोजित संगीतमय सुंदरकांड को देखकर किन्नरों की टोली रुक गई और मंदिर में झूम कर नाचे गए उपस्थित लोगों की मंगल कामना की । इस दौरान साई बाबा मनमोहक झांकी सजाई गयी । जिसे देखकर सभी श्रद्धालु भाव विभोर हो गए । सर्दी को देखते हुए बाबा को शाल भी ओढ़ाई गई ।

इस दौरान श्याम सर्राफ, कुंज बिहारी, राकेश अग्रवाल, ललित जांगिड, अरुण शर्मा, राम किशोर कुमावत, मालीराम जांगिड़, नरेश अग्रवाल, गोपाल बजाज, तोफान जांगिड़, कैलाश नायक, रामस्वरूप सैनी, महेश, दीपक शर्मा पुजारी, रघुनाथ रेवड़का, वासुदेव सर्राफ, शांति देवी सर्राफ, रतन अग्रवाल, पवन अग्रवाल, जितेंद्र सिंह नाथावत, नवदीप सिंह नाथावत सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे ।

## नया साल

साल पुराना बीत गया अब नए
साल का जश्न मनाओ
कुछ खट्टी कुछ मीठी यादें छोड़
गया अब भूल भी जाओ
कभी कभी उन यारों से भी कुछ
मशवरा किया करो
हंसी ठहाका सेहत मंदी गिले-
शिकवे भूल भी जाओ
कुछ सालों का सार जिंदगी कांटे
फूल सभी पाओगे
स्वीकार करो और दिल जीतो बस
कड़वी बातें भूल भी जाओ
बड़े-बड़े सौदागर आए इन
सालों के सोदे में
कागज के फूलों से खुशबू आएगी
यह भूल भी जाओ
आते जाते सालों को समझो वन
उपवन फूलों की क्यारी
कांटो से नाता फूलों का पर यह
नाता तुम भूल भी जाओ
नया साल तो राही है अनजान
सफर के सालों का
उम्र में इक अंक बढ़ा है पर यहं
तुम भूल भी जाओ


विनोद शर्मा वेणु
सिकर

## (गजल) समझ

मुझे यहीं समझ, वहां ना समझ
नासमझ ! समझ, मगर
आसां न समझ
ये दौर समझ का है ये माना मैंने
खुद को समझ का
असासा न समझ
गैर... गैर हैं चाहे अपने हों
या पराए हों
इसे पूरा समझ मगर
जरा सा न समझ
समझदारी से अगर
कुछ समझ आया भी
तो इसे समझ का नाम -
ओ - निशां न समझ
तेरी समझ कह रही है के
तुम अकेले हो
पर तूँ खुद के साथ है
खुद को तन्हा न समझ
ये दुनिया भी नासमझ है
तूँ इतना समझ ये कहती
रहेगी के ये समझ वो ना समझ


-सिद्धार्थ
गोरखपुरी

# इनाया फाउन्डेशन कर रही महिला और बालिकाओं को जागरूक




जोधपुर (हमारा वतन)। इनाया फाउन्डेशन जोधपुर जिला प्रशासन और महिला अधिकारिता विभाग के सहयोग से महिला और बालिकाओं को जागरूक कर रही है । आज मंडोर पंचायत समिति के बनाड, जाजलिवाल कला, जाजलिवाल खीचीयान ग्राम पंचायत में करीब 450 ग्रामवासियों को समझ स्पर्श की चुप्पी तोडो GTBT कार्यक्रम के माध्यम से गुड टच, बैड टच, पोस्को एक्ट 2012, बालिका सुरक्षा हेल्पलाइन, आर्टिकल 354, बाल विवाह उन्मूलन एवं अन्य सरकारी पहलुओं की जानकारी दी । फाउण्डेशन टीम इंचार्ज रोहित शर्मा ने नुक्कड़ नाटक एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किया । नरेगा में काम करने वाले मजदूरों को भी जागरुक किया गया। साथिन बनाड हेमलता,साथिन जाजलीवाल कला प्रतिभा,जाजलीवाल साथिन प्रतिभा, साथिन जाजलीवाल खीचीयान सुरजा, टीम सदस्य चेनाराम,चेतन,सिद्धु, हेमेंद्र, किशोर, रेखा पटेल सभी सदस्यों का बहुत सहयोग मिला।

# कैसा नववर्ष (कविता)

सोच बहुत मन होता विचलित,
आखिर मनाते कैसा नववर्ष है।
ना कहीं प्रकृति विनिमय फिर भी,
फैला चहुंओर जहाँ अब हर्ष है।

आहट होगी जब नूतन साल की,
तभी परिवर्तन दिखेगा बेशुमार।
हर्षित होगा जीव जगत मन माहीं,
छा जायेगी उल्लसित भरी खुमार।

अभी दिखता नहीं चहुंओर कहीं,
धरती पर कुदरती कोई बदलाव।
आच्छादित नव पल्लवों से तरु,
होता जीर्ण-शीर्ण पर्ण अलगाव।

सरजमीं पारंपरिक नहीं यह सब,
अत: स्वजनों में आपसी कर्ष है।

पतझड़ मौसम बीत जाने के बाद,
नव उमंगों संग मधुमास आयेगा।
होकर प्रफुल्लित यह जनमानस,
मिल गीत आह्लादी सब गायेगा।

बासंती रंग में रंगी इस धरती पर,
नव कलियां लेंगी उन्मत्त अंगराई।
आम्रमंजरी पुष्पित वन उपवन में,
मंद बयार संग होगी भ्रमर भौंराई।

बस इन्हीं प्रतिक्षणों की प्रतीक्षा में,
आशान्वित स्नेहिजनों में सहर्ष है।


-महेन्द्र सिंह
कटारिया,सीकर

# मनरेगा के तहत 11.37 करोड़ परिवारों को मिला रोजगार

नई दिल्ली(एजेंसी) । ग्रामीण विकास मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 11.37 करोड़ परिवारों को रोजगार प्रदान किया गया, जबकि कुल 289.24 करोड़ व्यक्ति-दिवस रोजगार सृजित हुए। मंत्रालय ने यह भी दावा किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत कुल 2.50 करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 2.11 करोड़ घरों को 15 दिसंबर, 2022 तक पूरा कर लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 52.78 लाख आवास निर्माण के लक्ष्य के विरुद्ध कुल 31.43 लाख आवास पूर्ण किये जा चुके हैं।




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा